3.02.2017
प्रभात खबर
prabhatkhabar.com

बंधन बैंक की शाखाओं की संख्या 800 के पार हुई

कोलकाता. बंधन बैंक की शाखाओं की संख्या अब 800 पार कर गयी है. इसकी 16 नयी शाखाएं खोले जाने के साथ ही, बैंक ने यह माइलस्टोन छू लिया. इसकी 800वीं शाखा कोलकाता में सीआइटी रोड पर खोली गयी. पीसी चंद्रा ज्वेलर्स के ग्रुप मैनेजिंग डाइरेक्टर, अरूण कुमार चंद्रा ने इस शाखा का उद्घाटन किया. बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री चंद्रशेखर भी इस अवसर पर मौजूद रहे. बाकी की 15 शाखाएं पश्चिम बंगाल के अलावा पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, झारखंड, तमिलनाडु और गुजरात में खोली गईं. मात्र 500 दिन से कुछ अधिक के अपने परिचालन में, बैंक की शाखाओं की संख्या अब 802 हो गयी है.

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री चंद्रशेखर ने कहा, ''हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम हर भारतीय के दरवाजे तक बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के अपने सपने को पूरा कर रहे हैं. परिचालन शुरू किये जाने के मात्र डेढ़ वर्षों के भीतर, हम भारत के 33 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं.' अभी, बंधन बैंक के पूरे भारत में 3,507 टच प्वाइंट्स हैं, जिनमें 802 शाखाएं, 2427 डोरस्टेप सर्विस सेंटर्स और 278 एटीएम शामिल हैं. बैंक ने 19,500 करोड़ रु. के डिपॉजिट्स को मोबिलाइज किया है और इसके पास 19,400 करोड़ रु. का लोन बुक है. 23,200 से अधिक कर्मचारियों के समर्पित टीम की मदद से, यह 9.9 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा उपलब्ध कराता है.